## अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ में जिला स्तरीय यूथ रेड क्रॉस ट्रेंनिंग कैंप का शुभारंभ

आज दिनांक 22 अप्रैल,2025 को अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ के सभागार में इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी हरियाणा स्टेट ब्रांच चंडीगढ़ द्वारा प्रमाणित पांच दिवसीय जिला स्तरीय यूथ रेड क्रॉस ट्रेंनिंग कैंप का शुभारंभ किया गया।

अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के प्रधान एवं अग्रवाल कॉलेज अध्यक्ष (प्रबंध समिति) श्री देवेंद्र कुमार गुप्ता एवं अग्रवाल कॉलेज के महासचिव एडवोकेट श्री दिनेश कुमार गुप्ता की सदप्रेरणा से कॉलेज में युवा विद्यार्थियों में सामाजिक कल्याण , व समाज सेवा के भाव एवं नैतिक मूल्यों को विकसित करने के उद्देश्य से अनेकानेक कैंप आयोजित किए जाते हैं। इस कैंप के उद्घाटन दिवस पर श्री पुरुषोत्तम सैनी (जिला प्रशिक्षण अधिकारी , यूथ रेड क्रॉस सोसाइटी फरीदाबाद) श्री धर्मेंद्र सिंधवानी ( आजीवन रेड क्रॉस सदस्य व समाजसेवी ) एवं श्री मनोज बंसल (प्रशिक्षक प्राथमिक चिकित्सा, अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन की परंपरा एवं शपथ ग्रहण के साथ हुआ। कार्यक्रम संयोजक एवं अग्रवाल कॉलेज के प्राचार्य डॉ० संजीव कुमार गुप्ता जी ने अतिथि का स्वागत करते हुए कहा कि इस कैंप के दौरान विद्यार्थियों को बहुत कुछ सीखने को मिलेगा। स्वयंसेवक होना ही अपने आप में विशिष्टता को दर्शाता है। तत्पश्चात श्री पुरुषोत्तम सैनी ने नशे को सामाजिक बीमारी बताते हुए निशुल्क चलाए जा रहे हैं नशा मुक्ति केंद्र के संबंध में जानकारी भी दी, उन्होंने शारीरिक रूप से विकलांगों की मदद , नशे से नष्ट हो रहे परिवारों की मदद करने के लिए स्वयंसेवकों को प्रोत्साहित किया व माता पिता के सेवा को ही ईश्वर की आराधना बताया। कैंप के नैतिक उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए माता –पिता की सेवा , अन्नदान, रक्तदान और कन्यादान को महादान बताया। वाईआरसी काउंसलर व कैंप कोऑर्डिनेटर श्रीमती पूजा जी ने बताया कि यह पांच दिवसीय शिविर जो 22 से 26 अप्रैल, 2025 तक चलेगा जिसमें रक्तदान , प्राथमिक चिकित्सा , स्वच्छता रैली ,आपदा प्रबंधन , टीबी,एड्स, सड़क सुरक्षा व नशामुक्ति जैसे विषयों पर चर्चा होगी । रेड क्रॉस से आए श्री मनोज बंसल जी ने रक्त की संरचना, हीमोग्लोबिन रक्तदान की उम्र, वजन व रक्त से संबंधित सभी जानकारियां दीं । इस शिविर में फरीदाबाद जिले के कॉलेजों के 50 स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं । शुभारंभ सत्र का समापन श्री सुभाष कॉलेज के वाईआरसी काउंसलर के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ ,इस अवसर पर यूथ रेड क्रॉस के पूर्व समन्वयक व इतिहास विभाग के विभागाध्यक डॉ० जयपाल सिंह , कॉमर्स विभाग से डॉ० डिंपल, यूथ रेड क्रॉस काउंसलर श्री लवकेश, सुषमा स्वराज कॉलेज की डॉ० भावना कौशिक , अग्रवाल कॉलेज ऑफ एजुकेशन से श्रीमती कविता अहलावत उपस्थित रहीं । कॉलेज प्राचार्य जी ने पूरी रेड क्रॉस टीम व स्वयंसेवकों को शिविर की सफलता के लिए अग्रिम शुभकामनाएं भी दीं।